तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 17 नवंबर 2025

4

आदिवासियों के नायक थे भगवान बिरसा मुंडाः ओपी





## खबर संक्षेप

### खुड़खुड़िया खेलते 5 जुआरी गिरफ्तार

**रायगढ़।** लैलूंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टेटकाआमा में नाटक मंडली के पीछे बिजली खंभे की रोशनी में खुड़खुड़िया जुआ खेलते 5 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके पर घेराबंदी की और 5 जुआरियों चेतन प्रसाद प्रधान, हुनर उरांव, समीम जाफर, मोहम्मद हमीद खान और कमरूद्दीन खान को दबोच लिया। कुछ लोग पुलिस की भनक लगते ही अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गए। गिरफ्तार आरोपियों के फड़ से कुल 16 हजार 360 रुपए नकद और जुआ सामग्री जब्त की गई है।

### अवैध महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** लैलूंगा पुलिस ने ग्राम बनेकेला में अवैध महुआ शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। ग्राम बनेकेला निवासी गुरूसिंह सारथी अपने घर के पास अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब बिक्री के लिए रखा था। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम ने मौके पर दबिश दी, जहां एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में मिला। पूछताछ में उसने अपना नाम गुरूसिंह सारथी पिता स्वर्गीय मंगलसाय सारथी 50 वर्ष निवासी बनेकेला थाना लैलूंगा बताया। जब उससे पूछताछ की गई तो उसने कच्ची महुआ शराब बिक्री के उद्देश्य से अपने कब्जे में रखने की बात स्वीकार कर ली। मौके से पुलिस ने उसके पास रखे करीब 7 लीटर हाथ भट्ठी तैयार महुआ शराब को जब्त किया है।

### दुर्घटनाग्रस्त पिकअप से 8 गौवंश को निकाला बाहर

**रायगढ़।** दुर्घटना में पिकअप पलटने से उसमें फंसे 8 गौवंशों को पुलिस ने सुरक्षित बाकर निकाला है। रविवार की सुबह पुलिस को सूचना मिली ढोढ़ीनार जंगल मेन रोड पर एक पिकअप वाहन पलट गया है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और वाहन में ढकी प्लास्टिक पन्नियों को हटाया। पन्नी हटाने पर पुलिस को भीतर 8 गौवंश अत्यंत दयनीय स्थिति में, भूखे-प्यासे मिले, जिनकी हालत देखकर मौके पर मौजूद पुलिस कर्मी भी चिंतित हो उठे। टीम ने गांव वालों की मदद से सभी गौवंशों को सुरक्षित बाहर निकाला। पानी की व्यवस्था की और प्राथमिक देखभाल सुनिश्चित की। प्राथमिक जांच में पता चला कि अज्ञात आरोपी पिकअप में गौवंशों को क्रूरता पूर्वक अवैध परिवहन कर रहा था। वाहन चालक सहित संबंधित आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया है।

### विकासखंड स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**रायगढ़।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अन्तर्गत ललित पाठशाला, रायगढ़ में विकासखंड स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक स्तर की इस प्रतियोगिता में विभिन्न क्लब क्लस्टरों से चयनित छात्र-छात्राओं ने उत्साह और उमंग के साथ भागीदारी निभाई। प्रतियोगिता में लोइंग, गेरवानी, तरकेला, बनोरा, बरलिया, कोंडतराई, डोंगीतराई, कछार, किरोड़ीमल नगर, जूटमिल, जामगांव, कुकुर्दा, संबलपुरी सहित अनेक क्लब क्लस्टरों के प्रतिभागियों ने अपनी ज्ञान क्षमता का बेहतरीन प्रदर्शन किया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने प्रतियोगिताओं के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियाँ विद्यार्थियों में जिज्ञासा, तार्किक चिंतन, ज्ञानार्जन तथा प्रतिस्पर्धात्मक भावना का विकास करती हैं, जो जीवन में सफलता का मार्ग प्रशस्त करती हैं। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विकासखंड स्रोत समन्वयक मनोज अग्रवाल ने विद्यार्थियों को पाठों का गहन अध्ययन करने, तार्किक सोच विकसित करने तथा भाषा के साथ सहगामी गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

### उधार के भवन में संचालित हो रहा कॉलेज, प्रशासन की भी नहीं है रूचि

# ढाई साल में आत्मानंद इंग्लिश मीडियम कॉलेज के लिए नहीं ढूंढ सके जमीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अपने कार्यकाल के अंतिम समय में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने आनन-फानन में आत्मानंद इंग्लिश मीडियम कॉलेज की घोषणा तो कर दी, लेकिन धरातल में यह योजना कारगर साबित नहीं हुई। जल्दबाजी में तत्कालीन प्रदेश सरकार ने रायगढ़ सहित अधिकांश जिलों में बिना प्लाट के ही किराए के भवन में कॉलेज खोल दिया। वहीं अब नई सरकार में कॉलेज के लिए जमीन नहीं मिल रही है। जिससे शहर में ढाई साल से यह कॉलेज उधार के भवन में संचालित हो रहा है और वर्तमान शासन-प्रशासन का इसमें रूचि भी नहीं है।

ढाई साल पहले आत्मानंद स्कूल की तर्ज पर आत्मानंद इंग्लिश मीडियम कॉलेज खोला गया था। अपने ड्रीम प्रोजेक्ट के तहत पूर्व सरकार ने प्रदेश के अलग-अलग जिलों में 10 आत्मानंद इंग्लिश मीडियम कॉलेज खोलने की स्वीकृति प्रदान की, जिसमें रायगढ़ जिला भी शामिल था। शुरुआती दिनों में भवन उपलब्ध नहीं होने पर लाइवलीहुड कॉलेज भवन में ही आत्मानंद कॉलेज को संचालित कर दिया गया। याने ढाई साल बाद भी उक्त कॉलेज उसी जुगाड़ और उधार के भवन में संचालित हो रहा है। प्रशासन द्वारा इन ढाई सालों में तीन बार शहरी क्षेत्र तो एक बार आउटर में स्थान देखा गया, लेकिन कहीं जमीन छोटा तो कहीं वन भूमि का पेंच फंसने तो कहीं बगल में कचरा डंपिंग यार्ड होने से मामला अधर में लटक गया। ऐसे में खुद का कॉलेज भवन कब होगा इसकी कोई गारंटी नहीं है।




### खुद की जमीन नहीं, इसलिए सुविधाओं की कमी

आत्मानंद कॉलेज में सुविधा के नाम पर कुछ भी नहीं है। यहां बैंच-टेबल की कमी होने से छात्रों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा इस कॉलेज में लाइब्रेरी नहीं होने से छात्रों को बाहर से पुस्तकें मंगानी पड़ती है। खेल मैदान नहीं होने से छात्रों को यूनिवर्सिटी गेम सलेक्शन के लिए दूसरे ग्राउंड में जाना पड़ता है। कैंटीन की सुविधा नहीं होने पर मजबूरन छात्रों को कॉलेज से बाहर जाना पड़ता है। इसके कारण छात्र यहां एडमिशन लेने से कतराते हैं।

### आखिरी बार कोसमनारा में देखी गई थी जमीन

कोटरापाली में बात नहीं बनने पर करीब ढाई माह पहले तत्कालीन एसडीएम प्रवीण तिवारी ने कॉलेज के लिए ट्रांसपोर्टनगर में जमीन देखा और प्राचार्य को फोन कर तहसीलदार से बात करने को कहा, तब प्राचार्य ने तहसीलदार से बात की तो उन्होंने प्राचार्य के साथ पटवारी को जमीन देखने के लिए कोसमनारा भेज दिया। चूंकि उक्त स्थान ट्रांसपोर्टनगर कचरा गोदाम से 100 मीटर की दूरी पर था तो प्राचार्य ने कॉलेज के लिए उक्त जमीन को उपयुक्त नहीं बताया। इसके बाद किसी ने इस दोबारा सुध ही नहीं ली।

### लगा था सपना होगा पूरा, वन विभाग ने डाला अड़ंगा

राजस्व विभाग द्वारा पहले जिला पंचायत के ट्रेनिंग सेंटर के पीछे जमीन देखी गई थी, लेकिन बात नहीं बनी। इसके बाद कौहाकुंडा में भी ऐसा ही हुआ। क्योंकि यहां दो से ढाई एकड़ जमीन ही मिल रही थी। बताया जा रहा है कि कॉलेज भवन के लिए करीब 15 एकड़ जमीन की दरकार है। क्योंकि यहां कॉलेज बिल्डिंग, दो हॉस्टल, प्लेग्राउंड, क्वार्टर्स बनना है। इसके बाद अंत में महापल्ली रोड में डीपीएस स्कूल के पास कोटरापाली गांव में सरकारी जमीन देखी गई और उसे फायनल कर दिया गया। तब प्रबंधन को लगा कि अब कॉलेज का सपना पूरा होने वाला है। ऐसे में जमीन का नक्शा तैयार कर शासन को भी भेज दिया गया। इसी बीच यह बात सामने आई कि उक्त जमीन वन भूमि है। इसलिए उक्त जमीन का वन विभाग से क्लीयरेंस नहीं मिल पाया। सूत्रों की मानें तो यह नियम में है कि वन विभाग की भूमि स्कूल के लिए मिल सकती है, लेकिन कॉलेज के लिए नहीं। ऐसे में यह मामला यहीं आकर रूक गया।

### काफी किए प्रयास

ट्रांसपोर्टनगर के बाद और कहीं भी कॉलेज के लिए जमीन नहीं देखी गई है। मैनें अपने स्तर से काफी प्रयास किया है। अब देखते हैं कॉलेज कब और कहां बनेगा।

**सीसी मिश्रा प्राचार्य आत्मानंद कॉलेज**



# बस और ट्रक में भिड़ंत दर्जनभर लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रविवार को चिराईपानी गांव के पास पूर्णागिरी बस और ट्रक के बीच आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इस घटना में करीब दर्जनभर लोग घायल हुए हैं। बस चालक को कैबिन में फंसने से गंभीर चोट आई है। घटना के बाद ट्रक चालक फरार हो गया है। फिलहाल घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

प्रतिदिन की तरह पूर्णागिरी बस रायगढ़ के केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड से कापू के लिए रवाना हुई थी। इस दौरान बस में करीब 50 यात्री सवार थे। बस जैसे ही चिराईपानी के पास पहुंची तभी सामने से आ रही ट्रक और बस की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिससे बस और ट्रक के सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटन के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। बस का चालक क्षतिग्रस्त कैबिन में फंस गया। जिसे किसी तरह स्थानीय लोगों और राहगीरों ने बाहर निकाला। घटना के बाद मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस की टीम ने घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा। इस घटना में बस चालक सहित करीब दर्जनभर लोगों के घायल होने की सूचना मिली है। घटना को अंजाम देने के बाद बस चालक फरार हो गया है।

चिराईपानी गांव के पास बस और ट्रक के बीच भिड़त हो गई है। इस घटना में बस चालक सहित 8 यात्रियों को चोट आई है, जिसमें 4 की हालत गंभीर है।

**आकाश मरकाम, एएसपी, रायगढ़**

# जिले में इनएक्टिव खातों की खोज हुई तेज

**रायगढ़।** नागरिकों की बिना दावे वाली वित्तीय संपत्तियों को उनके वास्तविक हकदारों तक पहुँचाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा आपकी पूंजी, आपका अधिकार अभियान अब रायगढ़ जिले में भी सशक्त रूप से आगे बढ़ रहा है। जिले में इस राष्ट्रीय अभियान को विशेष गति मिली है।

निष्क्रिय बैंक खाते, परिपक्व बीमा पॉलिसियाँ और भूली हुई म्यूचुअल फंड होल्डिंग्स जैसी वित्तीय संपत्तियों को पुनः सक्रिय कर लाभार्थियों को उनका अधिकार दिलाने के लिए यह अभियान अक्टूबर से दिसंबर 2025 तक जागरूकता, पहुँच और कार्रवाई की रणनीति पर केंद्रित है। वित्तीय सेवा विभाग के निर्देशन में बैंक, बीमा कंपनियाँ और स्टॉक एक्सचेंज संस्थान इस अभियान को देशभर की तरह रायगढ़ में भी उच्च प्राथमिकता से संचालित कर रहे हैं। इसी कड़ी में रायगढ़ में विशेष शिविर आयोजित किया गया। शिविर में लीड बैंक मैनेजर कमल किशोर सिंह, ट्रेजरी ऑफिसर चंद्रपाल सिंह ठाकुर, एसबीआइ के मुख्य प्रबंधक क्षितेश्वर पटेल, बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य प्रबंधक जय प्रकाश तिवारी सहित विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक तथा संबंधित विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। शिविर में 50 से अधिक सरकारी निष्क्रिय खातों के सक्रिय फॉर्म विभाग प्रमुखों को सौंपे गए ताकि संबंधित जमा राशि का दावा शीघ्र कराया जा सके। अगला शिविर 19 नंवबर को आयोजित होने जा रहा है। रायगढ़ जिले में अक्टूबर से दिसंबर तक विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।



### खातों को सक्रिय कराने का सुनहरा अवसर

आपकी पूंजी, आपका अधिकार अभियान के अंतर्गत रायगढ़ जिले में निष्क्रिय बैंक खाते, बीमा पॉलिसियां और अन्य वित्तीय संपत्तियाँ सक्रिय कराने के लिए लगातार शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। 14 नवम्बर को आयोजित शिविर के बादए अगला शिविर 19 नवम्बर 2025 को कलेक्टर कार्यालय रायगढ़ में होगा। सभी विभागों, सरकारी संस्थानों एवं खाताधारकों से अपील की गई है कि वे अपने निष्क्रिय खातों का ब्यौरा लेकर अनिवार्य रूप से उपस्थित हो सकते है।

# अंडा खिलाने के बहाने दुष्कर्म आरोपी को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अंडा खिलाने के बहाने अस्मत से खिलवाड़ करने वाले आरोपी को विशेष न्यायाधीश एफटीएससी (पॉक्सो) घरघोड़ा शाहबुद्दीन कुरैशी ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है और 15 हजार 500 अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है।

घटना 22 जून 2020 की है, धरमजयगढ़ में दर्ज अपराध के अनुसार पीड़िता के पिता ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी यशवंत तिवारी उनके घर आया और बालिका को अंडा खिलाने का लालच देकर अपने साथ ले गया। पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए बच्ची को आरोपी से बरामद किया। पूछताछ में पीड़िता ने बताया कि आरोपी उसे बाइक से दूर सुनसान स्थान पर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। बालिका के बयान के आधार पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और पॉस्को एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे रिमांड पर जेल भेज दिया गया था। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने सभी साक्ष्यों, पीड़िता के कथनों, चिकित्सीय रिपोर्ट व दोनों पक्षों की दलीलों पर विचार करते हुए आरोपी को दोषी पाया। न्यायालय ने आरोपी को आजीवन कारावास की कठोर सजा सुनाई है। न्यायालय ने पीड़ित परिवार को 5 लाख मुआवजा देने की अनुशंसा भी की है, ताकि पुनर्वास और चिकित्सा सहायता में मदद मिल सके। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक श्रीमती अर्चना मिश्रा ने पैरवी की है।



# जनपद और ग्राम पंचायतों को दिया गया जीएसटी का व्यावहारिक प्रशिक्षण

**रायगढ़।** जिले में ग्राम पंचायतों और जनपद स्तर पर जीएसटी से संबंधित प्रक्रियाओं को सुगम बनाने के लिए व्यापक क्षमता विकास अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में हाल ही में जिले के लैलूंगाए धरमजयगढ़, घरघोड़ा, तमनाराए पुसौर और खरसिया जनपदों में चार्टर्ड अकाउंटेंट के माध्यम से जीएसटी रिटर्न और बिलिंग प्रणाली पर विशेष कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। राज्य शासन के निर्देश पर कार्यशालाओं में सीए द्वारा पंचायतों और जनपद स्तर के कर्मचारियों को जीएसटी की जटिल प्रक्रियाओं को सरल भाषा में समझाते हुए जीएसटी चालान बनानाए जीएसटी रिटर्न फाइल करनाए पेनाल्टी प्रावधानों की जानकारी देना तथा वित्तीय लेनदेन में आवश्यक सावधानियों पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही प्रतिभागियों को व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से यह भी बताया गया कि दैनिक कार्यों में जीएसटी नियमों का सही पालन कैसे किया जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की वित्तीय त्रुटि या पेनाल्टी की स्थिति न बने। वर्कशॉप में सभी जनपद सीईओ, जिला पंचायत लेखापाल चंद्रकान्त जायसवाल, जनपद स्तरीय कर्मचारी और जिले के समस्त ग्राम पंचायत सचिव उपस्थित रहे। प्रतिभागियों ने इसे अत्यंत उपयोगी व ज्ञानवर्धक बताते हुए कहा कि इससे पंचायतों के वित्तीय प्रबंधन में पारदर्शिता और दक्षता दोनों बढ़ेंगी।



# निगम आयुक्त ने वार्ड क्रमांक सात में किया एसआईआर फॉर्म भरने की प्रक्रिया का निरीक्षण

**रायगढ़।** जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत निर्वाचक नामावली अद्यतन का कार्य सुव्यवस्थित रूप से आगे बढ़ रहा है। इसी क्रम में नगर निगम रायगढ़ के कमिश्नर बृजेश सिंह क्षत्रिय ने वार्ड क्रमांक 07 में पहुंचकर स्वयं एसआईआर फॉर्म भरते हुए मतदाताओं को जागरूकता का संदेश दिया।

उन्होंने क्षेत्र में एसआईआर फॉर्म वितरण की व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा बूथ लेवल अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.प्रियंका वर्मा सहित निगम के अधिकारी उपस्थित थे। जिले के सभी तहसील कार्यालयों सहित जिला मुख्यालय रायगढ़ में मतदाताओं की सहायता हेतु हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं। बूथ लेवल ऑफिसर बीएलओ घर घर पहुंचकर मतदाताओं को गणना पत्रक वितरित कर रहे हैं। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि गणना पत्रक भरने में संदेह होने पर मतदाता हेल्प डेस्क से मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी टोल फ्री नंबर 1950 पर भी जानकारी और सहायता उपलब्ध है। मतदाता पोर्टल पर स्वयं भी गणना पत्रक ऑनलाइन भर सकते है। मतदाता पर वर्ष 2003 विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित मतदान केन्द्रवार जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।



### छुट्टी में रविवार को दिन भर डटे रहे अधिकारी, करते रहे एक-एक समिति प्रबंधकों को फोन

# आज नहीं लौटे तो हो सकती है एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

आज यदि समिति प्रबंधक काम पर नहीं लौटे तो उनके खिलाफ पुलिस में एफआईआर हो सकती है। यह तैयारी प्रशासन ने पूरी कर ली है। अवकाश होते हुए भी रविवार को दिन भर प्रशासन इनको लौटाने में डटे रहे। एक-एक समिति प्रबंधकों को फोन करते रहे और उनको ज्वाइन करने दबाव बनाते रहे। दूसरी ओर कार्रवाई की डर से आंदोलनकारी कंम्प्यूटर ऑपरेटर तो काम पर लौट आए हैं। ऐसे में आज समिति प्रबंधकों के लौटने की भी पूरी संभावना है। प्रशासन ने एक-एक समिति प्रबंधकों की कुंडली खंगाल ली है। हालांकि समिति प्रबंधकों का प्रदेश और संभागीय संगठन हड़ताल पर डटे हुए हैं। काम पर लौटने को लेकर प्रबंधकों में दो फाड़ हो चुका है।

एक तरफ समिति प्रबंधकों का आंदोलन तो दूसरी ओर ओर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों पर एस्मा लगने से हाहाकार मचा हुआ है। समिति प्रबंधकों के आंदोलन को देखते हुए प्रशासन की ओर से ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को बतौर प्रबंधक नियुक्त कर दिया गया है। हालांकि शनिवार तक कोई भी अधिकारी किसी भी समिति में ज्वाइन नहीं किया था, लेकिन ज्वाइन करेंगे या नहीं इसका फैसला सोमवार को ही होगा। यदि समिति प्रबंधक काम पर लौट आए तो ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को ज्वाइन करने की जरुरत नहीं पड़ेगी, लेकिन नहीं लौटे तो दिक्कत हो सकती है। हालांकि चार दिन पहले ही कृषि अधिकारी संघ ने आवेदन देकर इस काम से तौबा करने का ज्ञापन सौंप दिया है। कुल मिलाकर अभी प्रशासन भी इसी पशोपेश में उलझा हुआ है। इधर जो जानकारी मिल रही है उसके अनुसार आज समिति प्रबंधक काम पर लौट सकते हैं, यदि नहीं लौटे तो समिति प्रबंधकों को भी दिक्कत हो सकती है। क्योंकि प्रशासन ने इनके खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराने की तैयारी भी कर लिया है। इसकी जानकारी उनको मौखिक रुप से दे भी दिया गया है। इसका डर उनको सताने लगा है।



### अभी खरीदी का कोई दबाव नहीं

अभी केवल तीन प्रतिशत ही धान कटाई हो सका है। टिकरा धान ही अभी पका है, बाकी बड़े धान सप्ताह पंद्रह दिन के बाद ही तैयार होगा। ऐसे में अभी खरीदी का कोई दबाव नहीं है। दिसंबर के दूसरे सप्ताह से ही इसमें कुछ तेजी आने की बात कही जा रही है। ऐसे में अभी भी इन उलझे हुए मामलों को सुलझाने का वक्त है। इसके लिए प्रशासन की ओर से एड़ी-चोटी की जोर लगाई जा रही है।

# पुलिस ने 1008 प्रतिबंधित नशीली कैप्सूल के साथ सप्लायर को पकड़ा

**रायगढ़।** घरघोड़ा पुलिस ने नशीली दवाओं के अवैध कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक सप्लायर को पकड़ा है।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1008 प्रतिबंधित नशीली कैप्सूल जब्त कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक बाइक में प्रतिबंधित नशीली कैप्सूल ले जाकर घरघोड़ा-लैलूंगा रोड की तरफ बिक्री के लिए जा रहा है। पुलिस टीम ने अलग-अलग स्थानों पर नाकेबंदी की। थाना घरघोड़ा मुख्य गेट के सामने लैलूंगा रोड पर की गई नाकेबंदी के दौरान संदिग्ध बाइक को रोका गया। पूछताछ में चालक ने अपना नाम खिलावन दास महंत 28 वर्ष निवासी डोकरबुड़ा बताया। तलाशी लेने पर उसके झोले से कुल 1008 प्रतिबंधित नशीली कैप्सूल मिला। जिसकी कीमत 11 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।



# बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती पर मना जनजातीय गौरव दिवस

# युगों-युगों में विरले ही जन्म लेते हैं भगवान बिरसा मुंडा जैसे महानायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

■ सांसद ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पाती का किया वाचन

भगवान बिरसा मुंडा के 150 जयंती पर आयोजित जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात से जिले में जनजातीय क्षेत्रें के विकास हेतु वर्चुअली 129.15 करोड़ से अधिक की लागत के विकासकार्यों का लोकार्पण, भूमिपूजन और शिलान्यास किया। जिले में रणजीता स्टेडियम में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद राधेश्याम राठिया और विधायक रायमुनी भगत एवं गोमती साय सहित अन्य अतिथियों ने छत्तीसगढ़ महतारी, भगवान बिरसा मुंडा और शहीद वीर नारायण सिंह की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर शहीद वीर नारायण सिंह लोक कला महोत्सव एवं उत्तर छत्तीसगढ़ क्षेत्र जनजातीय लोक नृत्य महोत्सव 2025 का आयोजन हुआ। इस मौके पर पद्म जागेश्वर यादव, छत्तीसगढ़ माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष शंभूनाथ चक्रवती, कृष्ण कुमार राय, नगर पालिका जशपुर अध्यक्ष अरविंद भगत, जनपद पंचायत अध्यक्ष जशपुर गंगाराम, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, नगर पालिका जशपुर उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जूदेव, कलेक्टर रोहित व्यास, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू, सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग संजय सिंह सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी और बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। इस अवसर पर



## लोक नृत्य ने मोहा मन

हर विकासखंड से उत्तर छत्तीसगढ़ क्षेत्र जनजातीय लोक नृत्य महोत्सव से 1–1 और शहीद वीर नारायण लोक कला महोत्सव नृत्य प्रतियोगिता के तहत 1–1 नर्तक दलों ने आकर्षक प्रस्तुति दी। विकासखंड से सरना करमा नृत्य दल बालाछापर और आदिवासी सांस्कृतिक लोक नृत्य दल, कोमड़ों। मनोरा विकासखंड से आदिवासी नृत्य दल सोगड़ा और करमा नृत्य दल बुमतेल। दुलदुला विकासखंड से करमा नृत्य दल दुलदुला और करमा नृत्य दल aलोरा। कुनकुरी विकासखंड से करमा नृत्य दल घटमुण्डा और करमा नृत्य दल बरडाँड। फरसाबहार विकासखंड से आदिवासी पारंपरिक करमा लोक नृत्य दल बनगाँव और आदिवासी पारंपरिक करमा लोक नृत्य, पण्डरीपानी। कांसाबेल विकासखंड से जयमाता दी करमा नृत्य पाटएँ, टाटीडाँड और करमा दल खुटेरा। बगीचा विकासखंड से आदिवासी करमा दल और नटकेला आदिवासी करमा दल टट्केला। पत्थलगांव विकासखंड से आस्था लोक नृत्य पाटएँ, माकरचुंवा (तरेकेला) और भूमरी मितान लोक नृत्य कोकियाखार ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सन्ना के छात्रें ने सरस्वती वंदना और देवार करमा लोक नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। वही एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय ढुढरुडांड़ और एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय घोलेंगे के छात्रें द्वारा प्रस्तुत सामूहिक लोक नृत्य और पूर्णिमा डांस ग्रुप द्वारा प्रस्तुत आकर्षक नृत्य ने सभी का मन मोह लिया।

सांसद राधेश्याम राठिया ने भगवान बिरसा मुंडा के योगदान को याद किया और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के पाती का वाचन किया।

इस अवसर पर विधायक गोमती साय ने अपने संबोधन में देश की आजादी के लिए भगवान बिरसा मुंडा द्वारा किए गए अमूल्य योगदान को नमन करते हुए कहा कि ऐसे महानायक युगों–युगों में विरले ही जन्म लेते हैं। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में असंख्य आदिवासी वीरों ने अपने प्राणों की आहुति देकर राष्ट्र को आजाद कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जो हम सभी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहे हैं। श्रीमती साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा के सम्मान में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की शुरुआत कर आदिवासी क्षेत्रें के सर्वांगीण विकास हेतु अनेक योजनाएँ क्रियान्वित की हैं। उन्होंने कहा कि भारत रत्न, भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्वगएँय अटल बिहारी वाजपेयी ने जनजातीय मंत्रलय का गठन कर जनजातीय समाज के उत्थान के लिए अनेक दूरदशएँ योजनाओं का मार्ग प्रशस्त किया था, जिनका लाभ आज भी जनसमुदाय प्राप्त कर रहा है। विधायक श्रीमती भगत ने अपने उद्बोधन में भगवान बिरसा मुंडा के अद्वितीय संघर्ष और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में उनका योगदान अमूल्य है, जो आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने शहीद वीर नारायण सिंह सहित अनेक आदिवासी महानायकों के बलिदान को नमन किया और देश की एकता व अखंडता के लिए सभी को एकजुट रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यदि हम सभी एक साथ मिलकर कार्य करें, तो प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा संकल्पित विकसित भारत के लक्ष्य को अवश्य ही साकार किया जा सकता है। कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने इस अवसर पर अपने प्रतिवेदन में जिले के जनजातीय क्षेत्रें में किए जा रहे विकास कार्यों का विस्तार के उल्लेख किया।

# दुष्कर्म केस में लापरवाही भारी पड़ी, कोतवाली टीआई सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर



नाबालिग से दुष्कर्म जैसे संवेदनशील प्रकरण को हल्के में लेना कोतवाली पुलिस को महंगा पड़ गया। परिजनों की शिकायत के बाद भी एफआईआर दर्ज करने में हुई देरी पर एसएसपी शशि मोहन सिंह ने सिटी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक आशीष कुमार तिवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए लाइन अटैच कर दिया। आदेश जारी होते ही जिले के पुलिस महकमे में हलचल मच गई।

जशपुर कोतवाली क्षेत्र की एक नाबालिग बालिका से दुष्कर्म एवं छेड़छाड़ का मामला सामने आने के बाद भी समय पर अपराध पंजीबद्ध न करने को एसएसपी ने गंभीर लापरवाही मानते हुए कड़ी कार्रवाई की है। निलंबन अवधि में निरीक्षक तिवारी को रक्षित केंद्र जशपुर में सम्बद्ध किया गया है। इस दौरान उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा। निरीक्षक तिवारी के विरुद्ध प्राथमिक जांच संस्थित की गई है, जिसका दायित्व एसडीओपी जशपुर चंद्रशेखर परमा को सौंपा गया है। उन्हें सात दिवस के भीतर जांच पूर्ण कर रिपोर्ट वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रेषित करनी होगी।

### आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने कहा कि प्रथम दृष्टया टीआई का व्यवहार बेहद असंवेदनशील रहा। इसलिए तत्काल निलंबन के साथ जांच आवश्यक थी। उन्होंने बताया कि दुष्कर्म का आरोपी फरार है और उसकी पतासाजी कर जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।

### दूसरे मामले में फरार आरोपी पकड़ा गया

शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म के मामले में दो साल से फरार स्थाई वारंटी को आखिरकार पुलिस की पकड़ में आ ही गया। तपकरा क्षेत्र में की गई घेराबंदी के दौरान आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया है। थाना तुमला क्षेत्र का यह मामला वर्ष 2022 का है, जहां 27 वर्षीय युवती ने आरोपी रामेश्वर उर्फ रमेश सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि युवक ने "शादी करूंगा" कहकर उसके साथ दुष्कर्म किया और गर्भवती होने पर शादी से इंकार कर दिया। मामले में पुलिस ने आरोपी को वर्ष 2022 में गिरफ्तार कर जेल भेजा था, लेकिन न्यायालय से जमानत मिलने के बाद से वह लगातार फरार चल रहा था। कोर्ट के कई नोटिसों के बाद भी वह पेश नहीं हो रहा था, जिसके बाद उसके खिलाफ स्थाई वारंट जारी हुआ था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देश पर टीम ने तत्काल घेरा डालकर आरोपी को दबोच लिया। आरोपी की उम्र 28 वर्ष बताई गई है।

## खबर संक्षेप

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने लूटी वाहवाही

**जशपुरनगर।** श्री महावीर दिगंबर जैन विद्यालय द्वारा आयोजित विन्टर कार्निवाल एवं फन मेला 2025 का दूसरा दिन उत्साहपूर्ण और रचनात्मक माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जैन समाज के वरिष्ठ सदस्य महावीर प्रसाद जैन तथा विशिष्ट अतिथि सुरेश कुमार जैन रहे। मुख्य अतिथि महावीर प्रसाद जैन ने कहा कि ऐसे रचनात्मक आयोजन विद्यार्थियों की प्रतिभा संवर्धन में अत्यंत सहायक होते हैं। उन्होंने कहा आज के बच्चे ही कल का भविष्य हैं। विद्यालय द्वारा किया गया यह आयोजन प्रेरणादायक एवं अनुकरणीय है। समापन दिवस के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जय कुमार जैन तथा विशेष अतिथि भागचंद जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन, कार्यकारिणी सदस्य डिंपल बढ़जातिया, प्रदीप कुमार, प्रकाश चंद जैन सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहे। कार्निवाल में छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम में रंगोली प्रतियोगिता, अल्पना प्रतियोगिता, फूड स्टॉल, गेम स्टॉल, साइंस मॉडल प्रदर्शनी, आर्ट एंड क्राफ्ट गैलरी, सेल्फी कॉर्नर और कूपन कॉर्नर विशेष आकर्षण रहे।

### जीवन में आगे बढ़ने के लिए करें पढ़ाई और लक्ष्य पर फोकस

**जशपुरनगर।** शासकीय महाविद्यालय,दुलदुला के राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर सुरम्य वादियों पहाड़ों और घने जंगलों के बीच स्थित हाई स्कूल, चटकपुर में 14 से 20 नवंबर नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है। सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में बौद्धिक परिचर्चा में मुख्य वक्ता के रूप में राजस्व विभाग की ओर पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन नेहरू सोनी ने भाग लिया। श्री सोनी ने शिविर में भाग लेने वाले महाविद्यालय के छात्र और छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपको जीवन में आगे बढ़ने के लिए पढ़ाई और लक्ष्य पर फोकस करना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व प्रधान पाठक और पेंशनर संघ के सचिव वरिष्ठ नागरिक आई.तिग्गा ने वक्ता के रूप में महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य का जीवन एक संघर्ष पूर्ण जीवन है, हमें अपने दिनचर्या का टाइम टेबल बनाना चाहिए तभी हम आगे बढ़ सकेंगे। प्रशिक्षण शिविर के बौद्धिक परिचर्चा का सफल संचालन प्रोफेसर हेमलाल रात्रे ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के मुख्य लिपिक विकास तिवारी और महाविद्यालय के शिविरार्थी छात्र और छात्राओं ने उत्साह से भाग लिया।

### किसान गंगाराम धान के पैसों से खरीदेंगे वाहन

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार प्रदेशभर में 15 नवम्बर से धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से प्रारंभ हो गया है। जशपुर जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 हेतु धान खरीदी का शुभारंभ गम्हरिया चौक स्थित धान खरीदी केंद्र में सांसद श्री राधेश्याम राठिया द्वारा किया गया। शुभारंभ अवसर पर ग्राम झीलिंग के किसान गंगा यादव ने सर्वप्रथम अपना धान विक्रय किया। किसान गंगा यादव ने बताया कि उन्होंने पिछले वर्ष लगभग 150 क्विंटल धान समर्थन मूल्य पर बेचा था, जिससे प्राप्त लाभ से उन्होंने एक दुकान की शुरुआत कर आर्थिक रूप से प्रगति की। उन्होंने कहा कि इस वर्ष वे वाहन क्रय करने की योजना बना रहे हैं। श्री यादव ने शासन द्वारा खरीदी केंद्रों में की गई सुविधाओं की सराहना करते हुए कहा कि केंद्र में सभी व्यवस्थाएँ सुव्यवस्थित रूप से उपलब्ध हैं, जिससे किसानों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। शासन के निर्देशानुसार जिले के सभी धान उपार्जन केंद्रों में माइक्रो–एटीएम सुविधा, टोकन 'तुंहर द्वार' व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं, ताकि किसानों को धान विक्रय प्रक्रिया में आसानी और पारदर्शिता मिल सके।

# योग मित्रों को दिया गया विशेष प्रशिक्षण

■ हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष योग कार्यक्रम से मिल रहे सकारात्मक परिणाम

**जशपुरनगर।** शिशु मृत्यु दर एवं मातृ मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से जिले में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में गर्भवती महिलाओं हेतु विशेष योगाभ्यास कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है।



यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ योग आयोग, यूनिसेफ तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में क्रियान्वित हो रहा है। कार्यक्रम के प्रभावी संचालन हेतु परियोजना में कार्यरत योग मित्रों की एक दिवसीय समीक्षा बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन विगत दिवस वशिष्ठ कम्युनिटी हाल में किया गया।

इसमें छत्तीसगढ़ योग आयोग के वरिष्ठ मास्टर ट्रेनरों ने योग मित्रें को गर्भावस्था की तीनों तिमाहियों के अनुसार उपयुक्त योगाभ्यास का प्रशिक्षण प्रदान किया, ताकि वे गर्भवती महिलाओं को और अधिक प्रभावी तरीके से योगाभ्यास करा सकें। इस विशेष योगाभ्यास कार्यक्रम को शुरू हुए लगभग तीन वर्ष पूर्ण होने जा रहे हैं। कार्यक्रम के माध्यम से हाई–रिस्क गर्भवती महिलाओं को भी सुरक्षित एवं सामान्य प्रसव में उल्लेखनीय सहायता मिल रही है, जिससे जशपुर जिले की अनेक महिलाओं को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हुआ है। वर्तमान में यह कार्यक्रम जिले के 50 उप–स्वास्थ्य केंद्रों में सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है। समीक्षा बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. जी.एस. जात्र, छत्तीसगढ़ योग आयोग रायपुर से रविकांत कुंभकार, राज्य परियोजना समन्वयक डा. ज्योति साहू, मास्टर ट्रेनर रश्मी पटेल तथा जिला योग समन्वयक अशोक कुमार यादव उपस्थित रहे।

### भाजपा युवा मोर्चा ने मनाया जीत का जश्न

**कोसीर।** बिहार विधानसभा चुनाव मे एनडीए को मिली जीत का जश्न कोसीर अम्बेडकर चौक में भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओ ने मनाया। फटाके चलाकर आतिशबाजी की और वहा उपस्थित सभी लोगो को मिठाई वितरण किया गया। आयोजन भाजपा युवा मोर्चा के महामंत्री विशाल सोनी की अगुवाई में हुआ। जिसमे पार्टी के वरिष्ठ व युवा कार्यकर्ताओं नें भाग लिया। विहार चुनाव के जैसे नतीजे सामने आए भाजपा के कार्य कर्ता ओ मे भारी जोरो से खुशी का माहौल देखने को मिला कोसीर की हृदय स्थल अम्बेडकर चौक में एकत्रित होकर शाम को पूरी आतिशबाजी के साथ एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। कार्यक्रम के दौरान कोसीर भाजपा मंडल युवा मोर्चा विशाल सोनी महामंत्री अभिषेक पटेल समेत अन्य उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक की नई शाखा का शुभारंभ

■ मुख्य अतिथि विनोद कुमार अरोरा ने किया उद्घाटन

**जशपुरनगर।** कुनकुरी में छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक की नई शाखा का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष विनोद कुमार अरोरा ने रिबन काटकर शाखा का शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के प्रमुख जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।

उद्घाटन के पश्चात मुख्य अतिथि श्री अरोरा ने बैंक परिसर में उपस्थित कर्मचारियों एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि नई शाखा खुलने से कुनकुरी और आसपास के गांवों को बैंकिंग सेवाओं में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में बैंकिंग सेवाओं



की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, और इस शाखा के माध्यम से किसान, स्व-सहायता समूह, छोटे व्यापारी एवं युवा अब अधिक सुविधाजनक तरीके से बैंक लाभ उठा सकेंगे। इस अवसर पर अध्यक्ष विनोद कुमार अरोरा के नेतृत्व में क्षेत्रीय प्रबंधक प्रवीण केतकी, प्रबंधक दीपक कुमार, शाखा प्रबंधक रणधीर कुमार, सहायक प्रबंधक भरत दहरिया, सहायक प्रबंधक रौशन सिंह, कार्यलय सहायक शोषन टोप्पो, कार्यलय सहायक अमन अंजलुस बरला, आधार सुपरवाइजर कनिष्का गुप्ता, बैंक मित्र गायत्री, बैंक सखी खीरोमती यादव, आधार केतकी गुप्ता एवं छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक तपकरा की बीएम सुश्री प्रियंका खेस समेत बैंक ग्राहक वरिष्ठ एवं गणमान्य नागरिक सेराज खान, दीपक वर्मा, शिव गुप्ता समेत अन्य लोग शामिल रहे।

# विधायक साय की अध्यक्षता में जीवन दीप समिति की बैठक

**पत्थलगांव।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विधायक गोमती साय की अध्यक्षता में जीवन दीप समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने, मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने और जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।विधायक गोमती साय ने अस्पताल में आने वाले मरीजों की परेशानियों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि अस्पताल में स्वच्छता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।दवाओं की उपलब्धता हर समय सुनिश्चित की जाए।मरीजों को समय पर उपचार और आवश्यक चिकित्सा सुविधा मिले, यह प्रशासन की जिम्मेदारी है।स्वास्थ्य केंद्र में सुविधाओं के विस्तार और स्टाफ की उपस्थिति पर विशेष ध्यान दिया जाए। विधायक साय ने बैठक में उपस्थित सदस्यो को आश्वस्त




किया कि क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को उत्कृष्ट बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे, ताकि आमजन को बेहतर और सहज चिकित्सा सुविधा मिल सके। समिति की बैठक में विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी प्रस्तावों पर भी विचार-विमर्श किया गया और जनहित को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

# सांसद ने बगीचा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

**जशपुरनगर।** रायगढ़ सांसद राधेश्याम राठीया ने विगत दिवस शनिवार 15 नवम्बर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बगीचा का आकस्मिक निरीक्षण किया और स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली।



उन्होंने मरीजों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य केंद्र मरीज वार्ड, पैथोलजी,दवाई वितरण कक्ष और अन्य वार्ड का निरीक्षण किया और मरीजों को फल वितरण किए। उन्होंने डाक्टरों की नियमित उपस्थिति की जानकारी ली और आयुष्मान कार्ड का भी लाभ मरीजों को देने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर बगीचा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ ड सुनील लकड़ा और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

# कैरियर बनाने का सपना अब हो रहा है साकार

**जशपुरनगर।** जिले के युवाओं का आसमान में उड़ान भरने का सपना अब तेजी से साकार हो रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के विशेष प्रयासों का परिणाम है कि जशपुर के पी.एम. श्री जवाहर नवोदय विद्यालय को थर्ड सीजी एनसीसी एयर स्क्वाड्रन की स्वीकृति प्राप्त हुई है।



इसी क्रम में यहां के एनसीसी कैडेट्स अब जगदलपुर में अगले चरण का उन्नत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। विद्यालय के पांच कैडेट्स आकाश बंजारे, आर्यन निकुंज, अथर्व भगत, अंश कुमार भगत और उत्कर्ष यहां पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इनके कोच कमलेश विश्वकर्मा है। इससे पहले जशपुर में पहली बार रायपुर के बाहर बेस फ्लाइंग ट्रेनिंग का प्रथम चरण सफलतापूर्वक आयोजित हुआ था। अब दूसरे चरण के लिए जगदलपुर को चयनित किया गया है। आगामी चरण अंबिकापुर, बिलासपुर और दुर्ग–भिलाई में प्रस्तावित हैं। यह सभी आयोजन रायपुर ग्रुप तथा मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ एनसीसी निदेशालय के संयुक्त तत्वावधान में संचालित किए जा रहे हैं।

प्रशिक्षण सिंगल इंजन ट्वीन सीटर वायरस एसडब्ल्यू 80 विमान से विभिन्न उड़ान कोर्सों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस माइक्रोलाइट विमान में उड़ान भरना कैडेट्स के लिए न केवल हवाई प्रशिक्षण का पहला अवसर है, बल्कि सीमित समय और नियंत्रित वातावरण में उनके निर्णय लेने के कौशल को विकसित करने का महत्वपूर्ण साधन भी है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सेना, भारतीय वायुसेना, जिला प्रशासन तथा पुलिस विभाग का सतत सहयोग मिल रहा है। साथ ही कैडेट्स को एनसीसी के मूलमंत्र एकता और अनुशासन को आत्मसात करते हुए राज्य के भविष्य, विकास और राष्ट्रनिर्माण की मुख्यधारा से जुड़ने का संदेश भी दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने जेएनवी के एयर एनसीसी के लिए चयनित 25 विद्यार्थियों को एनसीसी कैडेट्स का बैच लगाकर पंजीयन की शुरुआत की थी। मुख्यमंत्री ने विगत दिवस पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय के एयर एनसीसी के लिए चयनित 25 मेधावी विद्यार्थियों को एनसीसी कैडेट्स का बैच लगाकर पंजीयन की शुरुआत की थी। इनमें 13 बालिकाएं और 12 बालक शामिल हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने एनसीसी दिवस समारोह के दौरान इच्छा व्यक्त की थी कि छत्तीसगढ़ में केवल रायपुर में ही एयर एनसीसी और उड़ान का प्रशिक्षण दिया जाता है, जबकि जगदलपुर, बिलासपुर, अंबिकापुर और जशपुर जैसे स्थानों पर भी हवाई पट्टियों की सुविधा उपलब्ध है।

# कलेक्टर ने किया ईचकेला की क्रिकेट खिलाड़ी बालिकाओं को प्रोत्साहित

**जिला प्रशासन क्रिकेट खेलने के लिए बालिकाओं को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराया जाएगा**

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने रविवार को जशपुर विकास खंड के ग्राम ईचकेला पहुंचकर क्रिकेट खिलाड़ी बालिकाओं का उत्साहवर्धन किया और राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल मिलने पर अपनी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने बालिकाओं प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जशपुर जिले के बच्चे हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। खेल में भी जशपुर के बच्चे बहुत आगे है कोई सा भी खेल हो क्रिकेट हो फुटबाल, दौड़ हो सभी में बढ़िया प्रदर्शन रहता है।

अनुसूचित जनजाति बच्चे हुनरमंद रहते हैं और उनकी प्रतिभा उन्हें आगे बढ़ाती है। जिला प्रशासन बालिकाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव सहायता करेंगी बच्चों को खेलने के लिए अच्छा खेल अभ्यास मैदान की भी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। बच्चों को बेट बाल बालिंग मशीन एवं बच्चों की मांग अनुसार जिला प्रशासन खेल सामग्री देंगी। उन्होंने बच्चों को राष्ट्रीय स्तर में अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए प्रोत्साहित किया।



उन्होंने कहा कि शासकीय प्री मैट्रिक कन्या छात्रवास इचकेला के अधीक्षिका पंडरी बाई की क्रिकेट के प्रति जुनून और लगातार प्रयास से क्रिकेट का कोचिंग 3–4 साल से लगातार दिलाया जा रहा है। जिसका परिणाम अभी अंडर 17 के बच्चों ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। कोच संतोष कुमार और शंकर सोनी की लगातार मेहनत का नतीजा है कि जिले के बच्चे पूरे छत्तीसगढ़ में पहला स्थान प्राप्त किए है। ये सफलता जशपुर के लिए बहुत गौरव की बात। सरगुजा संभाग से आकांक्षा रानी ने सर्वाधिक स्कोर किया एवं बोलिंग में नीतिका, गायत्री और अलका रानी ने बोलिंग में अच्छा प्रदर्शन किया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर हरिओम द्विवेदी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग संजय सिंह , सरपंच पंच और अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि 25 वीं स्कूल राज्य अंडर 17 गर्ल्स क्रिकेट टूर्नामेंट 6–9 नवंबर को कांकेर में हुआ। पूरे छत्तीसगढ़ से इनमें 5 ज़ोन रायपुर, दुर्ग, बस्तर, बिलासपुर और सरगुजा ने भाग लिया। इस टूर्नामेंट में सभी टीमों को हराकर सरगुजा ज़ोन ने गोल्ड मेडल जीता। सरगुजा टीम में लुथरन स्कूल इचकेला के खिलाड़ियों का काफी योगदान रहा, जिसमें आकांक्षा रानी, अमिषा लकड़ा, जिज्ञासा कुजुर, अनन्या सिदार, गायत्री बाई, अभिलाषी बरा, अविना बाई, झूमुर तिकएँ, दीपिका भगत, अलका रानी कुजुर और नितिका बाई शामिल थी।



# ‘अखंड 2’ में नंदमुरी बालकृष्ण का अवतार चौंका देगा ...

**मुंबई।** तेलुगू सिनेमा के अभिनेता नंदमुरी बालकृष्ण की फिल्म ‘अखंड 2’ काफी समय से चर्चा में है। फिल्म की पहली किस्त ‘अखंड’ को लोगों ने खूब पसंद किया था। अब नजरें दूसरी किस्त पर हैं। लोगों के उत्साह को बढ़ाने के लिए निर्माताओं ने ‘अखंड 2’ का पहला गाना ‘द थांडवम’ जारी कर दिया है। अभिनेता नंदमुरी पर फिल्माए ‘द थांडवम’ के बोल शंकर महादेवन ने लिखे हैं। इसे आवाज कैलाश खेर और कल्याण चक्रवर्ती ने दी है। शक्ति और विनाश से भरपूर ‘द थांडवम’ में नंदमुरी, भगवान शिव की भक्ति में लीन नजर आए हैं। उनका अवतार रोंगटे खड़े कर देने वाला है।

लाइफ Style



# रवीना
## पीएम मोदी की मां का निभाएंगी किरदार

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन हमेशा से दमदार किरदार निभाने के लिए जानी गई हैं। फिल्म ‘पटना शुक्ला’ और ‘लॉयर’ में उनके निभाए गए किरदारों को दर्शकों ने बहुत पसंद किया था। खबर है कि अभिनेत्री अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बायोपिक का हिस्सा बन गई हैं, जिसका नाम ‘मां वंदे’ होगा।

फिल्म में उन्हें प्रधानमंत्री की दिवंगत मां हीराबेन का किरदार निभाते देखा जाएगा। क्रांति कुमार च फिल्म का निर्देशन करेंगे। मलयालम अभिनेता उन्नी मुकुंदन प्रधानमंत्री मोदी का किरदार निभाएंगे। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक, रवीना अपने किरदार को लेकर काफी खुश हैं। वह हमेशा से हीराबेन के विपरीत परिस्थितियों में उबरने के साहस की प्रशंसक रही हैं। एक सूत्र के हवाले से कहा गया, मां वंदे ऐसी फिल्म है, जो मां-बेटे के रिश्ते पर केंद्रित है। फिल्म मुख्य रूप से उनके त्याग, दृढ़ता और उनके जिंदगी को बेहतर बनाने के योगदान को दिखाती है। रवीना इस पहलू से प्रभावित थीं, और कहानी का हिस्सा बनना चाहती थीं। रिपोर्ट के मुताबिक, ‘मां वंदे’ का निर्माण वीर रेड्डी एल द्वारा सिल्वर कास्ट क्रिएशन्स के बैनर तले किया जाएगा। श्रीकर प्रसाद निर्देशन का काम संभालेंगे। निर्माताओं ने बताया कि यह फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित होगी, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी के बचपन से उनके राजनीति में आने तक के सफर और उतार-चढ़ाव को दिखाया जाएगा। कुछ अनछुए पहलू होंगे जिसमें उनकी मां की प्रभावशाली भूमिका दिखेगी। कहानी को प्रभावशाली बनाने के लिए निर्माता वीएफएक्स तकनीक का इस्तेमाल करेंगे।

हॉलीवुड मसाला



# 3 इडियट्स वाले मिमी दिखे पत्नी के साथ

**नई दिल्ली।** आमिर खान की फिल्म ‘3 इडियट्स’ भला किसने नहीं देखी होगी! 2009 में रिलीज इस फिल्म की कहानी ही नहीं, बल्कि किरदार भी लोगों को बहुत पसंद आए थे। यही वजह है कि फिल्म सुपर-डुपर हिट साबित हुई थी। फिल्म में एक किरदार ‘मिलीमीटर’ का था, जिसे अभिनेता राहुल कुमार ने निभाया था। सोशल मीडिया पर राहुल का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें उन्हें तुर्की की पत्नी के साथ देखा जा सकता है। वीडियो में उन्हें पहचानना मुश्किल है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में अभिनेता राहुल को अपनी तुर्की पत्नी के साथ दिल्ली में देखा गया।



# मशहूर रैपर कार्डी बी चौथी बार बनीं मां...

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका की मशहूर रैपर कार्डी बी चौथी बार मां बन गई हैं। उन्होंने बॉयफ्रेंड स्टेफन डिग्स के साथ एक बेटे का स्वागत किया है। उन्होंने इस खुशखबरी को सोशल मीडिया पर एक वीडियो के जरिए साझा किया। वीडियो आते ही प्रशंसकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। वो कार्डी और स्टेफन को बधाई देकर अपनी खुशी जाहिर कर रहे हैं। स्टेफन के साथ कार्डी का ये पहला बच्चा है, जबकि उनके पहले से 2 बेटे और 1 बेटी है। कार्डी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया। इसमें उन्हें अपनी एल्बम ‘एम आई द ड्रामा?’ के गाने ‘हैलो’ पर लिप-सिंक करते हुए देखा गया। उन्होंने वीडियों के कैप्शन में लिखा, ‘मैं दुनिया में नया संगीत और एक नया एल्बम लेकर आई! मेरी दुनिया में एक नया बच्चा’ उन्होंने कहा कि यह सब उन्हें अपने बच्चों के लिए बेहतर बनने की प्रेरणा देता है।’



# माधवन की फिल्मों को देखने का करेगा मन

**मुंबई।** आर माधवन जब भी पर्दे पर आते हैं तो अपने अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं। किरदार जैसा भी हो, अभिनेता उसमें इस कदर उतरते हैं कि आप उनसे नजरें नहीं हटा सकेंगे। फिलहाल माधवन फिल्म ‘दे दे प्यार दे 2’ को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म में वह अजय देवगन के ससुर बने हैं। उनका यह किरदार बेहद दिलचस्प है। खैर हम आपको माधवन की ऐसी ही दमदार फिल्में बताएंगे, जिन्हें आप ओटीटी पर देख सकते हैं। माधवन ने बॉलीवुड में फिल्म ‘रहना है तेरे दिल में’ के साथ डेब्यू किया था। अभिनेता का जुनूनी किरदार इस फिल्म में देखने को मिलता है। कहानी ऐसी है, जो आपके दिल में बस जाएगी। यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद है। फिल्म ‘आप जैसा कोई’ इसी साल जुलाई, 2025 में नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी।



# भूत पुलिस 2 से कटा सैफ व अर्जुन का पत्ता

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान और अर्जुन कपूर की हॉरर-कॉमेडी फिल्म ‘भूत पुलिस’ 2021 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में जैकलीन फर्नांडिस और यामी गौतम भी अहम किरदार में थीं। दर्शकों ने फिल्म को ठीक-ठाक प्रतिक्रिया दी थी। खबर है कि निर्माता इस फिल्म की दूसरी किस्त लाने की तैयारी कर रहे हैं, जिसने लोगों का उत्साह बढ़ा दिया है। हालांकि, दिलचस्प बात ये है कि दूसरी किस्त से पुराने चेहरों को बाहर कर दिया गया है। बॉक्स ऑफिस वर्ल्डवाइड की रिपोर्ट के मुताबिक, परियोजना से जुड़े सूत्रों ने बताया है कि निर्माता ‘भूत पुलिस’ की दूसरी किस्त पर चुपचाप काम कर रहे हैं। फिल्म की कहानी लिखी जा रही है, साथ ही नई कास्टिंग की प्रक्रिया चल रही है।

टीवी मसाला



# ‘बिग बॉस 19’: बेघर होने पर भड़के मृदुल इस प्रतियोगी को बताया शो का विजेता

**मुंबई।** सलमान खान के रियलिटी शो ‘बिग बॉस 19’ के फिनाले में सिर्फ 3 हफ्ते बचे हैं। अभिषेक बजाज के बाद मृदुल तिवारी को बीच हफ्ते शो से बाहर का रास्ता दिखाया गया। इस चौंकाने वाले कदम से न सिर्फ उनके चाहने वाले, बल्कि खुद मृदुल भी भड़क गए हैं। हालिया बातचीत में यूट्यूबर ने निर्माताओं के अनुचित फैसले पर सवाल उठाया, और प्रशंसकों के समर्थन को याद किया। इसके अलावा उन्होंने बताया कि वह किसे विजेता बनते देखना चाहेंगे।

***मृदुल ने निष्कासन को बताया मजाक :*** बातचीत में मृदुल ने कहा, ये एक मजाक जैसा लगा। मैंने एक ईमानदार खिलाड़ी के रूप में 80 दिनों का सफर पूरा किया। मैं निर्माताओं को दोष नहीं दूंगा, लेकिन जब मुझे पता चला कि मुझे इसलिए बेदखल कर दिया गया, क्योंकि एक टास्क के दौरान मुट्ठी भर लोगों ने मुझे वोट नहीं दिया था तो यह अनुचित लगा। उन्होंने कहा, मैंने शो में जबरदस्त वोट पाकर प्रवेश किया था, मुझे यह ट्विस्ट समझ नहीं आया।

***मृदुल ने बताया ‘तय’ विजेता का नाम :*** ‘बिग बॉस 19’ में शुरुआती सफर से मृदुल और गौरव खन्ना की दोस्ती नजर आई है। उन्होंने बिना किसी हिचकिचाहट के अभिनेता को विजेता घोषित कर दिया। मृदुल ने कहा, मेरे बाद सिर्फ गौरव ही जीत का हकदार है। वह सीधा-सादा, विनम्र है और कभी दूसरों को गाली नहीं देता। अगर किसी को जीतना है तो वह गौरव ही होना चाहिए। अगर उसके अलावा कोई और जीतता है तो मैं उस जीत को कभी गंभीरता से नहीं लूंगा।



## ‘बिग बॉस 19’ से निकलते ही बसीर अली के हाथ लगा नया प्रोजेक्ट

एकता कपूर के शो ‘कुंडली भाग्य’ से अभिनय की शुरुआत करने वाली बसीर अली के हाथ नया प्रोजेक्ट लगा है। इस खबर ने उनके प्रशंसकों का उत्साह सांतवें आसमान पर पहुंचा दिया है। दिलचस्प बात यह है कि इस आगामी प्रोजेक्ट में उनके साथ मशहूर टीवी अभिनेत्री ईशा मालवीय नजर आएंगी, जो ‘बिग बॉस 17’ का हिस्सा भी रह चुकी हैं। बसीर जब से ‘बिग बॉस 19’ से बाहर आए हैं, उनके प्रशंसकों को उनके नए प्रोजेक्ट का इंतजार था। रिपोर्ट के मुताबिक, बसीर और ईशा को कथित तौर पर एक म्यूजिक वीडियो के लिए साथ लाया गया है। यह गाना भावनाओं से भरपूर होने का वादा करता है। यह पहला मौका होगा जब प्रशंसक, बसीर और ईशा को एक साथ स्क्रीन साझा करते देखेंगे। लोगों ने अभी से सोशल मीडिया पर अपनी खुशी जाहिर करना शुरू कर दिया है। हालांकि बसीर और ईशा के आगामी म्यूजिक वीडियो पर निर्माताओं का आधिकारिक बयान आना बाकी है।

# ‘वेलकम टू द जंगल’ में येदा अन्ना के किरदार में लौटेंगे सुनील शेट्टी



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की फिल्म ‘वेलकम’ को दर्शकों का बेशुमार प्यार मिला था। 2015 में जॉन अब्राहम ‘वेलकम बैक’ के साथ आए। यह फिल्म भी ठीक-ठाक साबित हुई। अब फ्रैंचाइजी की तीसरी किस्त ‘वेलकम टू द जंगल’ की बारी है, जिसका इंतजार लंबे समय से किया जा रहा है। फिल्म के निर्देशक अहमद खान ने हालिया बातचीत में तीसरी किस्त के बारे में बात की है। यही नहीं उन्होंने फिल्म में सुनील शेट्टी के किरदार पर दिलचस्प खुलासा किया।

***पुराने किरदार में वापसी करेंगे सुनील :*** पिंकविला के साथ बातचीत में अहमद ने ‘वेलकम टू द जंगल’ से सुनील के किरदार पर बात की और बताया कि वो ‘येदा अन्ना’ के रूप में वापसी करेंगे। जिन लोगों को नहीं पता उन्हें बता दें कि फिल्म ‘आवारा पागल दीवाना’ में अभिनेता ने इस किरदार को निभाया था।उन्होंने कहा, सुनील, ‘आवारा पागल दीवाना’ से लिया गया येदा अन्ना का किरदार निभा रहे हैं, इसलिए वो थोड़े अलग अंदाज में येदा अन्ना का किरदार निभा रहे हैं।

***तीन बड़े गानों में दिखेंगे सुनील:*** अहमद ने बताया कि येदा अन्ना के रूप में सुनील की अक्षय और अरशद वारसी के साथ दिलचस्प नोंक-झोंक है, जो रोमांच और मस्ती बढ़ाएगी। उनके मुताबिक इन तीनों के साथ मिलकर फिल्म का मजा भी बढ़ जाता है। उन्होंने आगे कहा, सुनील के पास 3 गाने हैं। मैंने उन्हें उनके जवानी के दिनों में नचाया था। अब मैं उन्हें फिर से नचा रहा हूं और यही उनकी सबसे अच्छी बात है। वह बूढ़े होने से इनकार करते हैं।


*मुंबई। आने वाले दिनों में कई रोमांटिक फिल्में रिलीज होने वाली हैं। इन्हीं में से एक है ‘तेरे इश्क में’। फिल्म से सामने आई कलाकारों की झलकियों और गाने ने पहले ही दर्शकों का उत्साह बढ़ा दिया था और अब इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसकी राह खासतौर से कृति सैनन और धनुष के प्रशंसक बड़ी बेसब्री से देख रहे थे। आनंद एल राय के निर्देशन में बनी ‘तेरे इश्क में’ का ट्रेलर, जारी हो गया है।*

# ‘तेरे इश्क में’ आशिक बने धनुष कृति संग खूब जमी जोड़ी...

***प्यार-दर्द और टूटे रिश्ते की कहानी :*** ‘तेरे इश्क में’ का ट्रेलर रोमांटिक और भावनात्मक सफर पर ले जाता है। इसमें धनुष को एक दिल जले और बेरहम दीवाने आशिक के रूप में दिखाया गया है। उन्हें देख फिल्म ‘रांझणा’ में उनके किरदार कुंदन की यादें ताजा हो जाती हैं। उधर दर्द में डूबीं कृति के साथ धनुष की केमिस्ट्री भी कमाल की है। ट्रेलर देख तो लगता है कि प्यार, दर्द और जज्बातों से लबरेज एक दिल छू लेने वाली कहानी पर्दे पर आने वाली है।

***कब रिलीज हो रही ‘तेरे इश्क में’? :*** फिल्म की कहानी हिमांशु शर्मा और नीरज यादव ने मिलकर लिखी है। आनंद एल राय इसके निर्देशक हैं। वो फिल्म के प्रोडक्शन में भी शामिल हैं। ये एक म्यूजिकल रोमांटिक फिल्म है, जिसके गाने इरशाद कामिल ने लिखे हैं और संगीतकार एआर रहमान हैं। इसके टाइटल सॉन्ग को अरिजीत सिंह ने अपनी आवाज से सजाया है। फिल्म में एक बेहद भावनात्मक प्रेम कहानी देखन को मिलेगी। ‘तेरे इश्क में’ 28 नवंबर 2025 को हिंदी और तमिल में रिलीज होगी।

***आनंद राय ने कराए थे धनुष को बॉलीवुड के दर्शन:*** धनुष ने आनंद की फिल्म ‘रांझणा’ से ही साल 2013 में बॉलीवुड में कदम रखा था। अपनी पहली हिंदी फिल्म से ही उन्होंने दर्शकों का दिल जीत लिया था।



***कुंदन के किरदार में जान फूंकने में धनुष ने कोई :*** कसर नहीं छोड़ी। आखिरी बार धनुष और आनंद फिल्म ‘अतरंगी रे’ के लिए साथ आए और एक बार फिर धनुष ने हिंदी भाषी दर्शकों को अपना मुरीद बना लिया। अक्षय कुमार और सारा अली खान भी इस फिल्म का हिस्सा थे।

## ‘आई एम कलाम’ ने भारत और विदेशों में 20 से भी ज्यादा जीते पुरस्कार

# बच्चों पर बनीं इन फिल्मों ने जीते राष्ट्रीय पुरस्कार, एक पर सलमान ने लगाया था दांव

*मुंबई। बाल दिवस के मौके पर बच्चों की दुनिया, उनकी मासूमियत और सपनों को खूबसूरती से दिखाने वाली कई हिंदी फिल्मों की याद ताजा हो जाती है। ऐसी कई फिल्मों ने न सिर्फ दर्शकों का दिल जीता, बल्कि अपनी भावनात्मक कहानियों और मजबूत संदेशों के लिए बड़े-बड़े पुरस्कार भी जीते। आइए जानें उन फिल्मों के बारे में, जिन्होंने बच्चों के साथ-साथ बड़ों को भी अपना मुरीद बना लिया, वहीं इनमें काम करने वाले छोटे उस्ताद भी पर्दे पर छा गए।*




### ‘चिल्लर पार्टी’

साल 2011 में आई ‘चिल्लर पार्टी’ ने कम बजट में भी बड़ा कमाल कर दिखाया था। करीब 60 लाख रुपये में बनी इस फिल्म ने 10 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर सबको चौंका दिया। इस फिल्म ने अपनी दमदार कहानी और शानदार अभिनय के दम पर राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी जीता। विकास बहल और नितेश तिवारी इसके निर्देशक तो सलमान खान निर्माता थे। नेटफ्लिक्स पर मौजूद इस फिल्म में इरफान खान और स्वरा भास्कर समेत कई कलाकार थे।



### ‘आई एम कलाम’

उधर अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद फिल्म ‘आई एम कलाम’ ने कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत का नाम रोशन किया। ये कहानी है एक गरीब बच्चे ‘छोटू’ की, जो पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम से प्रेरित होकर अपनी जिंदगी बदलने का सपना देखता है। इसकी कहानी और हर्ष मायर के दमदार अभिनय ने इसे बेहद खास बना दिया। इसकी असली उपलब्धि रही पुरस्कारों की लंबी सूची। इस फिल्म ने भारत और विदेशों में 20 से भी ज्यादा पुरस्कार जीते।



### ‘तारे जमीन पर’

बच्चे जब एक्टिंग के अपने सफर पर निकलते हैं तो फिल्म इंडस्ट्री के समंदर से कई शानदार फिल्में मोती के रूप में निकलती हैं। बच्चों पर ऐसी कई बेहतरीन फिल्में बन चुकी हैं। इस सूची में ‘तारे जमीन पर’ का नाम भी शामिल है। आमिर खान इस फिल्म के निर्माता-निर्देशक थे। ये फिल्म डिस्लेक्सिया से जूझ रहे एक 8 साल के बच्चे की कहानी बयां करती है। राष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुकी इस फिल्म को आप यूट्यूब पर देख सकते हैं।



### ‘इकबाल’ और ‘धनक’

‘इकबाल’ की कहानी एक ऐसे लड़के की है, जो सुन और बोल नहीं सकता, लेकिन उसके अंदर भारतीय क्रिकेट टीम के लिए खेलने का बड़ा सपना है। फिल्म में श्रेयस तलपड़े ने मुख्य भूमिका निभाई थी। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीत चुकी ‘इकबाल’ को आप जी 5 और यूट्यूब पर देख सकते हैं। उधर फिल्म ‘धनक’ में 2 भाई-बहनों के रिश्ते को खूबसूरती से दिखाया गया है। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीत चुकी ‘धनक’ नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो पर है।

**खबर संक्षेप**



## चार महीने से बंद पड़ा सड़क निर्माण कार्य

**राउरकेला।** स्मार्ट सिटी का दावा करने वाले राउरकेला में बेसन्ती कॉलोनी स्थित ठड 5 के पास अधूरे ड्रेन निर्माण कार्य ने लोगों की दिक्कतें बढ़ा दी हैं। राउरकेला महानगरनिगम द्वारा चार महीने पहले ड्रेन निर्माण की शुरुआत तो कर दी गई, लेकिन कार्य को बीच में ही अधूरा छोड़ दिया गया। स्थिति यह है कि सड़क पर बने गहरे गड्ढे दुर्घटना को आमंत्रण दे रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि गड्ढे इतने बड़े और गहरे हैं कि अगर कोई व्यक्ति या बच्चा उसमें गिर जाए, तो बच पाना मुश्किल हो सकता है। इस मार्ग से स्कूल बसें, कार, बाइक सहित रोजाना बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते हैं। वहीं स्कूली बच्चे भी इसी रास्ते से पैदल गुजरते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका और बढ़ जाती है। कई छोटे मोटे हादसे पहले ही हो चुके हैं।

## राउरकेला को पूर्ण जिला घोषित करने की मांग

**राउरकेला।** एनसीपी ओडिशा ने राउरकेला को तत्काल पूर्ण जिला घोषित करने की जोरदार मांग की है। उन्होंने कहा कि यह फैसला न केवल स्थानीय विकास को रफ्तार देगा, बल्कि पूरे पश्चिम ओडिशा की प्रगति में भी नया अध्याय जोड़ देगा। राउरकेला जो ओडिशा का तीसरा सबसे बड़ा शहरी समूह है, लंबे समय से प्रशासनिक उपेक्षा का सामना कर रहा है। डॉ. यादव के अनुसार जिला का दर्जा मिलने से अनेक विकास परियोजनाओं को गति मिलेगी और जनता को सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ प्राप्त होगा। राउरकेला की जनसंख्या 2025 में 6.77 लाख से अधिक पहुंच चुकी है, जो 1950 की तुलना में 14 गुना वृद्धि दर्शाती है। 2011 में यहां की आबादी 5.53 लाख थी। तेज़ी से बढ़ती जनसंख्या, औद्योगिक गतिविधियाँ और शहरी विस्तार राउरकेला को स्वतंत्र जिला बनाने की आवश्यकता को और मजबूत करते हैं। एनसीपी ओडिशा के प्रदेश अध्यक्ष ने बिहार विधानसभा चुनाव और उसके ताज़ा परिणामों को लेकर पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल से महत्वपूर्ण मुलाकात की। बैठक में बिहार के बदलते राजनीतिक समीकरण, वोट प्रतिशत, सीटों के रुझान तथा एनसीपी की आगामी संगठनात्मक रणनीति पर विस्तृत चर्चा हुई।

## जनजातीय गौरव दिवस पर 18 सौ करोड़ की सौगात

**राउरकेला।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर सेक्टर 13 मिलन मैदान में आयोजित राज्यस्तरीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह में मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने जनजातीय समाज को समर्पित बड़ी घोषणाएँ करते हुए 1800 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि राज्य की एक चौथाई जनसंख्या जनजातियों की है और उनके सर्वांगीण विकास के बिना समृद्ध ओड़िशा का सपना पूरा नहीं हो सकता। सीएम ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार जनजातीय उत्थान के लिए लगातार काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिबद्धता का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज से आने वाले एक साधारण व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनाना भाजपा सरकार का सामाजिक न्याय के प्रति समर्पण दर्शाता है। उन्होंने विधानसभा उपाध्यक्ष भवानी भोई और मंत्रिमंडल के अन्य आदिवासी चेहरों का उदाहरण देते हुए कहा कि सरकार वास्तविक सशक्तिकरण की दिशा में कदम उठा रही है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने वीर बिरसा को भगवान बिरसा कहकर नमन किया और कहा कि उन्होंने अंग्रेजों व शोषण के खिलाफ समाज को एकजुट कर संघर्ष की मिसाल पेश की। उनके आदर्श आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं और हमें उनके मार्ग पर चलकर समृद्ध ओड़िशा का निर्माण करना है।

### अब तक 6 लोगों की मौत, 8 अभी पीड़ित, पार्षद ने की पीड़ितों की उपचार की मांग

# लकवा बीमारी का दंश झेल रहा है सरिया नगर पंचायत का वार्ड क्रमांक 4 और 5

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया





वार्ड के लकवा से पीड़ित लोग।

नगर पंचायत सरिया के इस वार्ड में लकवा एक गंभीर स्वास्थ्य चिंता बन गया है। लकवा एक ऐसी स्थिति है जिसमें व्यक्ति अपने मांसपेशियों को हिलाने में असमर्थ हो जाता है। यह तंत्रिका तंत्र की किसी समस्या के कारण होता है। इस स्थिति को नियंत्रित करने के लिए तत्काल चिकित्सा सहायता और उचित देखभाल की आवश्यकता पड़ती है। लेकिन उपचार की सुविधाओं में कमी और जागरूकता के अभाव के कारण नगर पंचायत सरिया के वार्ड क्रमांक 4 एवं 5 गंभीर लकवा की बीमारी का दंश झेल रहा है। यहां अब तक लकवा के 14 पीड़ितों में से 6 लोगों मौत हो चुकी। जबकि 8 लोग अभी भी लकवा बीमारी का दंश झेल रहे हैं। वार्ड के जागरूक पार्षद ने शासन प्रशासन से मांग किया है कि नगर पंचायत सरिया के वार्ड क्रमांक 4 एवं 5 में लकवा पीड़ितों की समुचित उपचार एवं जांच कैंप के माध्यम से करते हुए स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की जाए।

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के नगर पंचायत मुख्यालय सरिया में वार्ड क्रमांक 4 सुभाष चंद्र बोस एवं वार्ड क्रमांक 5 स्वामी दयानंद सरस्वती वार्ड में पिछले 7 ण 8 वर्षों से यहां के युवा, पुरुष एवं बुजुर्ग लोग लकवा बीमारी से संघर्ष करते आ रहे हैं। अब तक यहां 14 लोगों को लकवा की शिकायत होने पर 6 लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि आठ लोग अभी भी लकवा से पीड़ित है। यहां के पार्षद तीर्थ सिदार ने बताया कि सरिया नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 4 एवं 5 सौरापारा में सबसे ज्यादा लकवा पेशेंट की शिकायत है। यहां अधिकांश पुरुष वर्ग को लकवा अपने चपेट में ले रहा है। जबकि महिलाएं इसके चपेट से कोसों दूर है। लोगों का कहना है कि यहां के दूषित पर्यावरण के कारण भी एवं तालाब के दूषित पानी के कारण यह समस्या हो रही है। जबकि कुछ लोगों का कहना है कि यदि रामाबंध तालाब के पानी से यह गंभीर बीमारी उत्पन्न हो रहा है तो तालाब में महिला एवं पुरुष सब निस्तार करते हैं। लेकिन महिलाओं में यह बीमारी नहीं है। पार्षद ने बताया कि स्थानीय अस्पताल में उपचार के नाम पर बीपी शुगर की दवा दी जाती है। जबकि इन्हें लकवा बीमारी के विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा इलाज कराया जाना आवश्यक है। पार्षद तीर्थ सिदार ने बताया कि लकवा बीमारी से मरने वालों में सुरेंद्र सिदार, जोगी सिदार, खेमा निधि यादव, दोलामणि सिदार, जादव सिदार, श्याम सिदार हैं। तथा लकवा पीड़ितों में गिरधारी 27 वर्ष श्याम 50 रसिक 60 नेपाल 70 कुमर 50 झाड़ 55 पदमालोचन 60 वल्लभ 36 है। पार्षद ने शासन प्रशासन से मांग किया है कि हमारे वार्ड क्रमांक 4 एवं 5 में सबसे ज्यादा लकवा पेशेंट है। और इन्हें मेडिकल कॉलेज जैसे अस्पताल में इनकी उपचार की व्यवस्था होनी चाहिए तथा हमारे वार्ड में डॉक्टरों की टीम के द्वारा शिविर लगाकर एवं तालाब के पानी की जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाए। अन्यथा हमारे वार्ड में लकवा पीड़ितों की संख्या दिनोदिन बढ़ती जाएगी और लोग बेमौत मारे जाएंगे।



# आदिवासियों के नायक थे भगवान बिरसा मुंडाः ओपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

▪ भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती पर उनके योगदान को कराया स्मरण

आदिवासियों के नायक भगवान बिरसा मुंडा की 150 वो जयंती पर में मीडिया को दिए बयान में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा 15 नवम्बर का दिन धरती आबा माने जाने वाले आदिवासियों के नायक भगवान बिरसा मुंडा जी की 150 वीं जयंती है।

पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में उनकी जयंती के दिन को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाए जाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है ताकि उनके योगदान से आने वाली पीढ़ी को अवगत कराया जा सके। ओपी ने कहा भगवान बिरसा मुंडा जी महान स्वतंत्रता सेनानी के साथ आदिवासी समाज के नायक थे, जिन्होंने मात्र 25 वर्ष की अल्पायु में अंग्रेजों के विरुद्ध मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। ऐसे महान नायक के संघर्ष को स्मरण करते हुए आज हम जनजातीय गौरव दिवस मना रहे हैं। इस अवसर पर समस्त 3 करोड़ छत्तीसगढ़वासियों को जनजातीय गौरव दिवस की हार्दिक शुभकामनाए देते हुए ओपी ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आदिवासी समाज की बेटी महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी को देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर आसीन कराने का कार्य किया।

# बाल दिवस पर शासकीय प्राथमिक शाला बांसउरकुली में लगा एफएलएन मेला



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

करके देखबो, सीख के रहीबो शासकीय प्राथमिक शाला बांसउरकुली में 14 नवम्बर को एफएलएन मेला का आयोजन किया गया। बाल दिवस पर हुए इस अनूठे मेले ने फाउंडेशनल लिटरेसी व न्यूमेरसी एफएलएन के लक्ष्य को व्यवहारिक रूप में मूर्त रूप दिया। 16 शिक्षण-लर्निंग स्टॉलों के माध्यम से बच्चे खुद शिक्षा-संसाधन बनकर आए और सीखने को रोचक व अनुभवात्मक बनाया।

बाल दिवस के अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला बांसउरकुली में आयोजित एफएलएन मेला न केवल दिखावटी उद्घाटन था, बल्कि बच्चों की सक्रिय भागीदारी, शिक्षण-सामग्री टीएलएम की व्यावहारिक प्रस्तुति और समुदायिक सहयोग का एक आदर्श नमूना सिद्ध हुआ। मेले का औपचारिक अवलोकन खुरसुला संकुल समन्वयक जीवन लाल नवरत्न ने किया। संस्था-प्रमुख विनोद कुमार डडसेना ने कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ सरस्वती माता की प्रतिमा में दीप प्रज्ज्वलित कर करते हुए की जिससे आयोजन का शैक्षिक व सांस्कृतिक दोनों ही दृष्टिकोणों से महत्वपूर्ण संकेत मिला। स्कूल के विद्यार्थी-समूहों ने स्वयं से एफएलएन बनाए और स्टॉल सजाए शिक्षक मार्गदर्शक के स्थान पर संरक्षक और प्रेरक की भूमिका में रहे। इस तरह का स्वरूप बच्चों के आत्मनिर्भरता, रचनात्मक सोच और टीम-वर्क को बढ़ावा देता है। मेला में कुल 16 स्टॉल लगाए गए हिंदी के 5, अंग्रेज़ी के 5, गणित के 5 तथा बालवाड़ी के 1 स्टॉल। प्रत्येक स्टॉल पर न केवल पाठ्यक्रमीय अवधारणाएँ, बल्कि स्थानीय संदर्भों से जुड़े उदाहरण, खेल-आधारित गतिविधियाँ और व्यावहारिक प्रयोग भी प्रस्तुत किए गए।

## राष्ट्रीय बैडमिंटन स्पर्धा में छग का प्रतिनिधित्व करेंगे लक्ष्य

**रायगढ़।** 24 वे छत्तीसगढ़ स्टेट बैडमिंटन अंडर 15 प्रतियोगिता में लक्ष्य प्रधान एवं उनके साथी अदिति सिंह ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अंडर 15 मिक्स डबल में छत्तीसगढ़ राज्य में प्रथम स्थान पर रहे। लक्ष्य प्रधान बॉयज डबल्स में उनके साथी हर्षित के साथ रनर अप रहे। आगामी भुवनेश्वर ओडिशा राज्य में दिसंबर माह में होने वाले राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ टीम की ओर ये प्रतिनिधित्व करेंगे। लक्ष्य प्रधान पिता श्याम प्रधान माता दीपा प्रधान रायगढ़ के बड़े पुत्र हैं जो अंडर 13 छत्तीसगढ़ के विनर रह चुके हैं एवं एसजीएफआई स्कूल टूर्नामेंट में दिल्ली में आयोजित नेशनल में भी छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। अभी 11 से 15 नवंबर तक आयोजित 24 स्टेट टूर्नामेंट नया रायपुर में आयोजित हुआ था जिसमें लक्ष्य ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे छत्तीसगढ़ में मिक्स डबल्स में प्रथम स्थान प्राप्त किया।




# बालक प्राथमिक शाला घरघोड़ा में एफएलएन मेले का आयोजन





**घरघोड़ा।** बालक प्राथमिक शाला घरघोड़ा में एफएलएन मेला का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेविका झरना सुनील ठाकुर, विशिष्ट अतिथि के रूप में कल्पना शर्मा, कविता शर्मा व उनकी जनपहल टीम रानी सिंह, संगीता कोरी, रत्ना नायक उपस्थित रहीं। इस अवसर पर पालकगण भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि ने स्कूल के सभी 104 बच्चों को स्वेटर और मिष्ठान वितरण किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को उपहार भी दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ मनोरंजन का भी अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया था। बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में बच्चों ने गायन, नृत्य, कविता पाठ, चित्रकला आदि प्रतियोगिताओं में भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन स्कूल के शिक्षकों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि ने बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया और उन्हें मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही एकमात्र साधन है जिससे हम अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित पालकगणों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और स्कूल के इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों का मनोरंजन होता है और उन्हें शिक्षा के महत्व के बारे में भी पता चलता है। कार्यक्रम के अंत में बालक प्राशा घरघोड़ा के प्रधानपाठक सुरेन्द्र कुमार पैंकरा व शिक्षकों ने मुख्य अतिथियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग और समर्थन से ही हम इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन कर पाते हैं। उन्होंने कहा कि आप सभी की उपस्थिति ने बच्चों को प्रेरित किया है और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया है। स्कूल के शिक्षकों ने भी मुख्य अतिथियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि आप सभी के आशीर्वाद व सहयोग से ही हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर पाएंगे।

# पश्चिम भारत विज्ञान मेला में शानदार रहा प्रदर्शन

**घरघोड़ा।** राज्य स्तरीय पश्चिम भारत विज्ञान मेला में इस वर्ष रायगढ़ ज़ोन ने अभूतपूर्व सफलता अर्जित करते हुए अनेक विधाओं में अपना दबदबा साबित किया। विज्ञान नाटिका के क्षेत्र में शानदार उपलब्धि स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय कुंजेमुरा ने उभरती प्रौद्योगिकी आधारित आकर्षक, मनोरंजक एवं शिक्षाप्रद विज्ञान नाटिका का मंचन कर राज्य स्तर पर तृतीय स्थान हासिल किया। कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों कृ रीना राठिया, मोनिका निषाद, दिव्या यादव, हरिप्रिया यादव, सुमन



निषाद, आरती निषाद, टीकम सिदार एवं पुष्कर सिदार ने शानदार अभिनय प्रस्तुत कर निर्णायकों को प्रभावित किया। नाटिका का लेखन व निर्देशन विद्यालय के प्राचार्य श्याम कुमार पटेल द्वारा किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बॉयज सरिया ने अद्भुत प्रदर्शन करते हुए पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर रायगढ़ ज़ोन को गौरवान्वित किया। यह उपलब्धि विद्यार्थियों की तैयारी, टीमवर्क और शिक्षकों के मार्गदर्शन की उत्कृष्ट मिसाल है।विज्ञान क्लब में भी शानदार सफलता सेजेस धर्मजयगढ़ ने विज्ञान क्लब प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों की नवाचार क्षमता, जिज्ञासा और रचनात्मकता को निर्णायकों ने सराहा। मॉडल प्रतियोगिता में उल्लेखनीय उपलब्धि स्वच्छता विषय पर प्रस्तुत मॉडल के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हल्दी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जो विद्यालय के विद्यार्थियों की सृजनशीलता और सामाजिक संवेदनशीलता को दर्शाता है। इस वर्ष राज्य स्तरीय पश्चिम भारत विज्ञान मेला में रायगढ़ ज़ोन की संयुक्त उपलब्धियों ने जिले का मान बढ़ाया है।

# रोटरी क्लब अध्यक्ष के सहयोग से पेइंग वार्ड सुविधाओं से लैस

**खरसिया।** शनिवार को सिविल अस्पताल खरसिया में पेइंग वार्ड का शुभारंभ किया गया। इस शुभ अवसर पर एसडएम प्रवीण तिवारी, डॉ दिलेश्वर पटेल, भाजपा के वरिष्ठ नेता गिरधर गुप्ता, नगरपालिका अध्यक्ष कमल गर्ग, महेश साहू, रोटरी क्लब खरसिया सिटी के अध्यक्ष विन्नी सलूजा, अशोक अग्रवाल, रतन अग्रवाल एकमल अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, अमोल अग्रवाल, विनय कबूलपुरिया, शुभम अग्रवाल, लायंस क्लब



मारवाड़ी युवा मंच सहित अन्य लोग मौजूद रहे। खरसिया सिविल अस्पताल के जीर्णोद्धार एवं विकास के कार्य किए जा रहे है जिसमें नगर की समाजसेवी संस्थाएं बढ़ चढ़ कर अपना योगदान दे रही है। इसी कर्म में समाजसेवा का संकल्प लेकर कार्य कर रहे विन्नी सलूजा का योगदान काफी सराहनीय है। यह वार्ड दूर दराज से आए मरीजों को काफी राहत प्रदान करेगा। रोटरी क्लब खरसिया सिटी के सौजन्य से इस वार्ड में टीवी, एसी, सोफा लगा कर सर्वसुविधायुक्त बनाया गया है। 3 कमरे शुभारंभ किया गया जिसमें रोटरी क्लब के सहयोग से एक लायंस के सहयोग से और एक मारवाड़ी युवा मंच के सहयोग से शुभारंभ हुआ।

### उत्सव जैसा मना कर्नल विप्लव त्रिपाठी का बलिदान दिवस

# विप्लव के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकताः एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




वीर शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी का बलिदान दिवस शौर्य दिवस के रूप में गुरुवार को पूरे दिन मनाया गया। इस अवसर पर पूरे शहर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में स्थापित उनकी प्रतिमा में पुष्पांजलि अर्पित कर ए बालवीर अबीर त्रिपाठी की प्रतिमा और समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

इस दौरान एनसीसी, एनएसस के छात्र, पूर्व सैनिक, संगठन के सदस्य, परिवार जन एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल हुए। साथ ही कमला नेहरू पार्क में बच्चों के लिए देशभक्ति थीम पर चित्रकला उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 300 से अधिक बच्चे शामिल हुए। चित्रकला उत्सव के समापन पश्चात बच्चों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान विभिन्न सामाजिक संगठनों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित एसपी दिव्यांग पटेल ने कहा कि वीर शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी के बलिदान को रायगढ़ सहित पूरे देशवासी याद रखेंगे। उनकी बहादुरी को कभी भुलाया नहीं जा सकता। आज की हमारी पीढ़ी देश के लिए उनके योगदान को हमेशा याद करेगी। उन्होंने कहा कि वो आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके कार्य उनकी स्मृति हमारे लिए प्रेरणा के रूप में हमेशा मौजूद रहेगी। आज उनके बलिदान दिवस को मनाने पूरा रायगढ़ उमड़ पड़ा है। हमें गर्व है कि हम उनकी जन्मभूमि में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बालवीर अबीर त्रिपाठी, अनुजा त्रिपाठी और कर्नल विप्लव त्रिपाठी की बहादुरी को अपना प्रेरणा स्त्रोत बनाकर अपने लक्ष्य को निर्धारित करें। हर क्षेत्र में अपना सर्वश्रेष्ठ देकर देशसेवा में अपना योगदान दिया जा सकता है।

### शौर्य दिवस बना उत्सव दिवस

13 नवंबर की तारीख़ ना केवल रायगढ़, छत्तीसगढ़ बल्कि देश के सैन्य इतिहास की बड़ी घटना मानी जाती है, ऐसा इसलिए क्योंकि चार साल पहले 13 नवंबर 2021 को मणिपुर में घात लगाकर किये गये एक कायराना आतंकी हमले में 46 आसाम रायफ़ल्स के सीओ कर्नल विप्लव त्रिपाठी अपने चार जवानों और पत्नि अनुजा बेटे अबीर के साथ वीरगति को प्राप्त हुए थे। इस घटना के बाद शहीद कर्नल विप्लव के माता पिता सुभाष आशा त्रिपाठी ने ट्रस्ट की स्थापना की, इसी ट्रस्ट के जरिए शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी की जयंति और शहादत दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं।

